आईआईटी बॉम्बे से कंप्यूटर ट्रेनिंग लेंगे छात्र

सुविधा

फरीदाबाद | **शालिनी धस्माना**

प्रदेशभर के तकनीकी संस्थान और कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के छात्रों को जल्द ही आईआईटी बॉम्बे से डिस्टेंस लर्निंग के जरिए कंप्यूटर ट्रेनिंग मिलेगी। भारत सरकार के मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय की ओर से शुरू की गई इंफोर्मेशन कम्यूनिकेशन टूल्स (आईसीटी) से शिक्षा की राष्ट्रीय मिशन योजना के तहत ये संभव होगा। हरियाणा तकनीकी शिक्षा निदेशालय और कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी ने योजना के तहत आईआईटी बोम्बे के साथ एमओयू साइन किया है।

आईआईटी बोम्बे ने करीब चार साल पहले निशुल्क स्पोकन ट्यूटोरियल प्रोजेक्ट की शुरुआत की थी। इसके तहत ऑनलाइन ऑडियो-विडियो स्पोकन ट्यूटोरियल के जरिए छात्रों को कोर्स, रोजगार और एडवांस आईटी स्किल से जुड़े सॉफ्टवेयर्स की ट्रेनिंग दी जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी के डिजिटल इंडिया अभियान के तहत इस योजना को भारत सरकार की ओर से फंड जारी करते हुए देशभर के शिक्षण संस्थानों में लागू करने की दिशा में प्रयास जारी हैं।

आईटी शिक्षा को बढ़ावा देना है मकसद : शिक्षा में आईसीटी को बढ़ावा देने के लिए प्रोजेक्ट के तहत विद्यार्थियों को डिस्टेंस लर्निंग से निशुल्क सॉफ्टवेयर ट्रेनिंग दी जाती है। इसमें हर कोर्स के तहत कुल दो घंटे का ट्यूटोरियल शामिल है। छात्र अपनी रूचि और कोर्स के मुताबिक भी ट्रेनिंग ले सकते हैं। आईआईटी से रजिस्ट्रेशन कराने के बाद सभी ऑडियो-विडियो सॉफ्टवेयर्स निशुल्क डाउनलोड किए जा सकेंगे। ट्यूटोरियल से छात्रों को सेल्फ लर्निंग सुविधा भी मिलेगी।

सभी विद्यार्थियों के लिए है फायदेमंद

इस ओपन सॉफ्टवेयर ट्रेनिंग में यूजी, पीजी और रिसर्च के छात्रों सहित आईटी, इंजीनियरिंग, कॉमर्स, मैनेजमेंट, एमसीए कोर्स के लिए लाभदायक सॉफ्टवेयर्स शामिल हैं। ट्रेनिंग प्रोग्राम की खासियत ये है कि इसके लिए किसी एक्सपर्ट की जरूरत नहीं है। छात्र खुद ऑडियो-विडियो के जरिए सॉफ्टवेयर्स को समझ सकेंगे। वहीं डाउनलोड करने के बाद इन्हें ऑफलाइन भी सुना जा सकता है।

04	02	10	31.5	22
साल पहले शुरू किया गया था यह प्रोजेक्ट	घंटे के स्पोकन ट्यूटोरियल से दी जाती है ट्रेनिंग	लाख से ज्यादा विद्यार्थी देशभर में ले चुके हैं ट्रेनिंग	हजार छात्र हरियाणा में जुड़ चुके हैं प्रोजेक्ट से	क्षेत्रीय भाषाओं में भी उपलब्ध हो चुके हैं सॉफ्टवेयर

छात्रों को आईटी शिक्षा देने और शिक्षा को रोजगारपरक बनाने के लिए प्रोजेक्ट जारी है। इसके जरिए छात्रों को महत्वपूर्व और महंगे सॉफ्टवेयर्स की निशुल्क ट्रेनिंग दी जाती है।एमडीयू के बाद तकनीकी शिक्षा निदेशालय और कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी ने भी एमओयू साइन कर लिया है।

–**चंद्रिका नायक**, ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर-हरियाणा एवं दिल्ली

संस्कृत-ऊर्दू भाषा भी सीखिए

क्षेत्रीय और ग्रामीण इलाकों में पकड़ बनाने के लिए आईआईटी बोम्बे ने सॉफ्टवेयर कई क्षेत्रीय भाषाओं में भी उपलब्ध कराए हैं। इनमें अंग्रेजी व हिंदी के अलावा संस्कृत, ऊर्दू, गुजराती, उड़िया, पंजाबी, नेपाली, राजस्थानी, कन्नड़, कश्मीरी जैसी करीब 22 भाषाएं शामिल हैं। स्पेनिश में भी सॉफ्टवेयर ट्रेनिंग मौजूद है।

ट्रेनिंग के बाद आईआईटी से मिलेगा सर्टिफिकेट

ट्रेनिंग पूरी होने के बाद आईआईटी बोम्बे की तरफ से छात्रों के लिए सॉफ्टवेयर आधारित एक ऑनलाइन टेस्ट होगा। इस टेस्ट में 40 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को आईआईटी की ओर से सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। वहीं जिन सॉफ्टवेयर्स का ऑनलाइन टेस्ट संभव नहीं है उनके लिए छात्रों को आईआईटी की तरफ से लर्निंग सर्टिफिकेट मिलेगा। छात्रों को रोजगार के लिहाज से भी लाभ मिलेगा।

यह ट्रेनिंग मिलेगी

Basic IT Skills package, Linux, Scilab, LaTeX, PHP & MySQL, Java, C/C++, LibreOffice, Blender, C and C++, Firefox, GIMP, Python, Java and Netbeans , LaTeX &XFig